जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com

राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद

भोपाल 25 जुलाई 2025

# खाद की कालाबाजारी हो तो तुरंत लाइसेंस करें रद्द : संभागायुक्त

## कृषि विभाग के अधिकारी तत्काल करें कार्यवाही, विभागों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश



**जागरण, सागर।** जिले में खाद, बीज और उर्वरक की यदि कालाबाजारी को लेकर अधिकारियों को शिकायतें मिलती हैं तो तत्काल ही संबंधित का लाइसेंस रद्द किया जाए। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए।

संभागायुक्त अनिल सुचारी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समस्त विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह निर्देश उन्होंने कृषि अधिकारियों को दिए। बैठक में सुचारी ने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मनरेगा योजना में कार्यरत मजदूरों का भुगतान समय पर किया जाए।

उन्होंने कहा कि पुराने स्वीकृत काम लंबित नहीं रहें, उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण किया जाये एवं विधायक निधि से किए जा रहे कार्य लंबित नहीं रहें। सुचारी द्वारा जिले में बारिश की स्थिति का जायजा लिया गया एवं निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में डैम का पानी निर्धारित रखें, डैम के गेट खोलने की स्थिति होने पर तत्काल आसपास के क्षेत्रों में पूर्वसूचना जारी की जाए। डैम के पानी की नियंत्रित रूप से निकासी हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्षाकाल में ट्रांसफार्मर की शिकायतें बढ़ जाती हैं अतः शिकायत आने पर तत्काल निरीक्षण किया जाए व बदलने की स्थिति होने पर तत्काल ट्रांसफार्मर बदला जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नल-जल योजना के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। सुचारी ने निर्देशित किया कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना अंतर्गत पुस्तकें सभी छात्र-छात्राओं तक पहुंचे इसकी मॉनिटरिंग की जाये। जो विद्यार्थी तकनीकी समस्या के कारण लैपटॉप योजना से वंचित हैं, उनकी समस्या का निराकरण कर उन्हें योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूलों में बच्चों का एनरोलमेंट शत.प्रतिशत हो एवं सभी स्कूल समय पर खुलें तथा ऐसे स्कूल जिनका रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम है उन स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में संभागायुक्त सुचारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्र समय पर खुले, कार्यकर्ता और सहायिका समय पर उपस्थित हों एवं पोषण आहार समय पर आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचाना और वितरित करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि मौसम को देखते हुए किसानों को कम दिनों में तैयार होने वाली फसलों का चयन करने हेतु जागरूक किया जाये एवं किसानों के लाभ को ध्यान में रखते हुए नियमित फील्ड विजिट करके उनका मार्गदर्शन किया जाए तथा खाद, बीज एवं उर्वरकों की कालाबाजारी की शिकायत आने पर तत्काल कार्यवाही कर लाइसेंस रद्द किया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि पशुओं के टीकाकरण समय पर हो, जानवरों को होने वाली बीमारियों के प्रति सतर्क रहें।

संभागायुक्त श्री सुचारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी न्यायालय में बैठना नियमित करें, न्यायालीन प्रकरणों के निराकरण हेतु समय निर्धारित करें ताकि आवेदकों को कोई समस्या नहीं हो। साथ ही नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि के प्रकरण समयसीमा में पूर्ण किए जाए एवं फील्ड विजिट करके प्राथमिकता से प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना व्यवहार संयमित रखें और अपने कार्य को पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी से करें।



**जागरण, सागर।** नशामुक्ति को लेकर जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरुकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में सानौधा पुलिस ने शाहपुर की सरकारी स्कूल में नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विद्यार्थियों के साथ उपस्थित स्कूल स्टाफ और नागरिकों को अवगत कराया। उनसे इस बुराई से दूर रहने की अपील भी पुलिस अधिकारियों ने की।

## अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्रों से मिले कलेक्टर

**जागरण, सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर सिरोंजा अनुसूचित जाति छात्रावास पहुंचे। कलेक्टर को अपने बीच पाकर छात्र भारी उत्साहित दिखे। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी अपने लक्ष्य को हमेशा बड़ा बनाकर पढ़ाई करें एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने 30 से 45 मिनट की चर्चा के दौरान छात्रों से उनके अध्ययन की जानकारी प्राप्त की और अपना अनुभव भी शेयर किया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तार से बताया। कलेक्टर ने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किए जाए। प्रवेश के लिए शनिवार को शिविर भी आयोजित करें एवं विद्यालयों में जानकारी हेतु जन जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सभी छात्रावासों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जावे।



## तुलसी फाउंडेशन ने खाद्य मंत्री को दिया आमंत्रण

**जागरण सागर।** सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने की परंपरा के तहत तुलसी फाउंडेशन द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैए जो पिछले 7 सालों से निरंतर आयोजित की जा रही है। इस यात्रा के लिए गुरुवार को फाउंडेशन के सदस्यों ने मध्यप्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत से भेंट कर उन्हें यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मंत्री श्री राजपूत ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे भक्तों को भगवान से जोड़ने वाला और भारतीय संस्कृति को मजबूती प्रदान करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी का भक्ति और जोश से भरा यह संगम अद्भुत है। इस अवसर पर तुलसी फाउंडेशन के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर, अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया, नेवी जैन, रामेश्वर नामदेव, अनिल दुबे, राजेश मिश्रा, प्रदीप तिवारी सहित सदस्य उपस्थित रहे। कांवड़ यात्रा 1 अगस्त को सुबह 10 बजे सागर के रामबाग मंदिर से शुरू होगी।

## तकनीकी रूप से सक्षम बना रही है प्रदेश सरकार : टेंटवाल

### कौशल विकास मंत्री ने किया सागर आईटीआई का निरीक्षण



**जागरण, सागर।** मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेंटवाल ने विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन के साथ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मंत्री टेंटवाल ने छात्रों, प्रशिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण संस्थान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर हैं। भ्रमण के दौरान संस्थान के प्रभारी प्राचार्य ने उन्हें संस्थान की गतिविधियों, उपलब्धियों और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। विधायक जैन ने बताया कि सागर की आईटीआई प्रदेश के उत्कृष्ट तकनीकी संस्थानों में से एक है जहां से प्रशिक्षित छात्र कई क्षेत्रों में सफलता पा रहे हैं। मंत्री टेंटवाल और विधायक जैन ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए तकनीकी मॉडल्स की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और वर्कशॉप में बनाई गई मशीनों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने बताया कि आईटीआई में कामकाजी महिलाओं को उनके कामों से संबंधित हमने एक प्रशिक्षण दिलाया था जिसमें वाशिंग मशीन का संचालन, डिशवॉशर का संचालन, रेफ्रिजरेटर माइक्रोवेव सहित अन्य उपकरणों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई थी। इस ट्रेनिंग के पश्चात हमारी उन्ही बहनों को मिलने वाली तनख्वाह में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी हुई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

## स्वास्थ्य केन्द्रों में स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं : कमिश्नर



**जागरण, सागर।** संभागायुक्त अनिल सुचारी ने चिकित्सकों से समर्पण और सेवा भाव से कार्य करने को कहा है। वे बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में चिकित्सकों एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित कर रहे थे।

कमिश्नर ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग के सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का सतत रूप से भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि खण्ड चिकित्सा अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों का सतत रूप से निरीक्षण करें, मैदानी कर्मचारियों की बैठकें लेकर योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी और परिणाम मूलक तौर पर क्रियान्वयन कराना सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ अमले की स्वास्थ्य केन्द्रों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। बैठक में वर्षाकाल में सर्पदंश से हुई घटनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्पदंश से पीड़ित व्यक्तियों के त्वरित उपचार के लिए संभाग के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्नेक वेनम के इंजेक्शनों की उपलब्धता समुचित संख्या में सुनिश्चित कराई जाएं। आयुष्मान कार्ड योजना की प्रगति की भी समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड योजना के कार्ड तेजी से बनाए जाएं। बैठक में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं नीना गिडियन, संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित थे।

## हितग्राहियों को बांटे पीएम आवास के स्वीकृति पत्र

**जागरण, सागर।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत निकाय कर्मचारियों को रेनकोट का वितरण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र का वितरण नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, नपा अध्यक्ष मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार की उपस्थिति में किया गया। विधायक ने सभी पात्र हितग्राहियों को शुभकामना देते हुए कहा आज आपको अपने आवास की प्रथम किस्त प्राप्त हो रही है। हर परिवार को मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति और पक्का मकान हो इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सभी को लाभान्वित किया जा रहा है। शासन के द्वारा प्रत्येक योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए हम सभी प्रयासरत हैं। आने वाले समय में मकरोनिया में किसी का भी कच्चा मकान नहीं रहेगा आवास योजना के माध्यम से सभी को पक्के मकान बनाने की राशि दी जाएगी। मिहीलाल अहिरवार ने कहा कि जिनके आवास रह गए हैं, वह भी चिंता ना करें। जल्द से जल्द उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर सीएमओ पवन शर्मा, उपयंत्री शनि जैन, सत्यम देवलिया सहित पार्षद एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में गौवंशीय पशुओं की दर्दनाक मौत



**जागरण, मालथौन।** मालथौन में अज्ञात वाहन ने नेशनल हाइवे पर बैठी चार गायों को रौंद दिया। मौके पर चारों गायों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर एनएचआई अथॉरिटी को सूचित कर मृत गायों को सड़क से हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मालथौन के नेशनल हाइवे 44 के थाना मालथौन के मॉडल स्कूल के समीप गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे के तकरीबन दिल्ली की तरफसे आ रहे अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने रोड पर बैठी गायों को जोरदार टक्कर मारते मौके से भाग गया। घटना को देखकर प्रतीत हुआ कि दुर्घटना कारित वाहन बेहद तेज रफ्तार में होगा। एक गाय को तो वाहन पांच सौ मीटर तक घसीटते ले गया। घटना के बाद मौके पर पुलिस और एनएचएआई के कर्मचारियो पहुंचे। गायों के शवों को हटाकर मार्ग को दुरस्त किया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई।

## मंत्री राजपूत के आग्रह पर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

**जागरण, सागर।** प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब अधिक मात्रा में गेहूं मिलेगा। वर्षों से लंबित इस मांग को प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के सतत प्रयासों के चलते आखिरकार केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब पात्र परिवारों को मिलने वाले खाद्यान्न में 75 प्रतिशत गेहूं और 25 प्रतिशत चावल वितरित किया जाएगा। जबकि अभी तक चावल और गेहूं 60 एवं 40 के अनुपात में वितरित किया जाता था। खाद्यान्न वितरण के इस अनुपात में बदलाव की मांग लंबे समय से की जा रही थी पर निराकरण नहीं हो पा रहा था। खाद्य मंत्री बनने के बाद प्रदेश में विभिन्न जिलों के दौरे पर श्री राजपूत से कई बार जनता के माध्यम से यह अनुरोध सामने आया कि इस सिस्टम में बदलाव कर गेहूं की मात्रा ज्यादा करते हुए 75 फीसदी और चावल की 25 फीसदी कर दी जाय। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत केंद्र द्वारा राज्यों को खाद्यान्न का आवंटन एक निर्धारित अनुपात में किया जाता है। मध्यप्रदेश में बहुसंख्यक आबादी चावल की तुलना में गेहूं का अधिक उपयोग करती है लेकिन पूर्ववर्ती व्यवस्था इसके विपरीत थी। मंत्री राजपूत ने पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री से इस संबंध में चर्चा की थी।

**कार्यवाही** | जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर फटकार

## निरीक्षण में शिक्षकों की लापरवाही एवं अनुपस्थिति पर नोटिस



**जागरण, सागर।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने रहली क्षेत्र की विभिन्न शासकीय शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में शिक्षकों की अनुपस्थिति और बच्चों की कम उपस्थिति कम पाई गई। जिस पर डीईओ ने अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान हाईस्कूल बरौदा रहली में एक शिक्षक, प्राथमिक शाला बरौदा रहली में एक शिक्षक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक ढाना में चार शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इन स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी अपेक्षाकृत कम पाई गई। इस पर श्री जैन ने नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी के साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिलगन के निरीक्षण में सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए एवं विद्यालय की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित थीं। विद्यालय में अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के पश्चात अरविंद जैन ने प्राचार्य शरद गौतम और अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर राममिलन मिश्रा एवं नीति अवस्थी भी उपस्थित रहे।

## हत्या का खुलासा किया

**जागरण, सागर।** थाना बंडा क्षेत्र में पाईप लाइन के पास बीते माह हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बीते 24 मई बण्डा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चक्क निवारी के पास पंचमनगर बांध की पानी की पाइप लाइन से थोड़ी आगे कमलेश रैकवार की हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया था। मामले में राजेन्द्र उर्फ भालू यादव, श्यामलाल यादव, देवेन्द्र उर्फ हल्ले यादव, शिवराज उर्फ शिवराम यादव सभी ग्राम सेमर कछार थाना बटियागढ़ जिला दमोह के निवासी को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार थे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक अंजली उदेनिया, सउनि अरुण श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक मुकेश, विक्रम सिंह, आरक्षक सतीश राज, प्रहलाद सिंह, पंकज सिकरवार, सतवंत सिंह का सराहनीय योगदान रहा। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस गंभीर मामले में खुलासे पर टीम की सराहना की है।

## शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाएं



**जागरण, सागर।** कलेक्टोरेट परिसर में गुरुवार को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कलेक्टर संदीप जीआर ने की। बैठक में कलेक्टर ने शहर की वायु गुणवत्ता सुधार के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सख्ती से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से वायु गुणवत्ता सुधार में होने वाले कार्यक्रमों और एक्शन प्लान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी। साथ ही वायु गुणवत्ता सुधार में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कलेक्टर ने निगम आयुक्त राजकुमार खत्री से एनकैब द्वारा किए गए फंड यूटीलाइजेशन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर के किन स्थानों पर यूटीलाइजेशन उपयोग किया गया है। जिससे शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार किया गया हो। उन्होंने इसकी विस्तृत जानकारी मांगी है। कलेक्टर ने आरटीओ और यातायात पुलिस अधीक्षक को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे शहर के वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को वायु गुणवत्ता की सतत मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में मप्र प्रदूषण नियंत्रण क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के क्षेत्रीय निर्देशालय डॉ.रानू चौकसे वर्मा, यातायात पुलिस अधीक्षक मयंक सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति बघेल, मकरोनिया नपा सीईओ पवन शर्मा, पीडब्ल्यूडी ईई समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जिले में अब तक 629.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**जागरण, सागर।** जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 629.2 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार 1 जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 792.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भूअभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में 1 जून से आज तक सागर केन्द्र में 502.5 मिमी, जैसीनगर में 538.7 मिमी, राहतगढ़ में 792.8 मिमी, बीना में 520.6 मिमी, खुरई में 635.7 मिमी, मालथौन में 677.3 मिमी, बंडा में 661.2 मिमी, शाहगढ़ में 640.8 मिमी, गढ़ाकोटा में 614.4 मिमी, रहली में 568.4 मिमी, देवरी में 661.6 मिमी तथा केसली में 736.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## न्यूज कार्नर

### प्रभु सेवा से सेवानिवृत्त नहीं हुआ हूं : पांडेय

**हटा।** अजब श्री मानस मंडल में स्थापना के कुछ समय बाद से अनवरत सेवारत शैलेन्द्र पाण्डेय का शासकीय सेवाकाल पूर्ण होने पर मंगलवार को मंडल सुन्दर कांड समापन के पश्चात सम्मान आयोजित किया गया। मंडल के वरिष्ठ सदस्य रामस्वरूप चौरसिया ने बताया की श्री पाण्डेय भले ही विद्युत् मंडल से औपचारिक रूप से सेवानिवृत होकर, भले ही आप हटा से आप रीवा में परिवार जनों के साथ समय देने जा रहे हैं परन्तु आपसे मंडल का मन नहीं हटा है। आप सदैव ही मंडल के मन में निवास करेंगे। फतेहपुर के अजबधाम के महंत छोटे सरकार भी आपको किसी मंच से आशीर्वाद देना चाहते हैं। इस हेतु आप आवश्यवक्तानुसार समय पर अपना अमूल्य समय अजब धाम में देंगे जिसमें सरकार आशीर्वाद प्रदान कर सकें। यह मंडल आपका है, जब कभी भी हटा आगमन हो, मंडल में अवश्य पधारें, आपका स्वागत रहेगा। मंडल हमेशा आपके किये गए कार्य का ऋणी रहेगा। मंडल के वरिष्ठ सदस्य पीएन खेमरिया ने शाल, श्रीफल, राम नाम का गमछा, अजब धाम का स्मृति चिन्ह, माला तिलक द्वारा सम्मान किया एवं राजेश शर्मा, राममुनीम दाऊ, संजू यादव, दशरथ पटेल, भगवत असाटी, आरएस ज्योतिषी, कीरत पटेल, पटेरिया, नीरज गोस्वामी, जगदेव पाण्डेय, श्री साहू, रघुवीर खटीक, राकेश दुबे, देवेंद्र पटेल, सुमित सेन, बबलू सेन, राहूल कस्तोर एवं सभी सदस्यों ने तिलक माला से श्री पाण्डेय का स्वागत किया।

### आज से लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा

**दमोह।** आज 25 जुलाई शुक्रवार से 4 अगस्त तक प्रति वर्षानुसार श्रीदेव जागेश्वरनाथ मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में एकादश दिवसीय लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक का दिव्य आयोजन कराया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक रामकृपाल पाठक एवं प्रवक्ता रवि शास्त्री ने बताया कि प्रतिदिन ग्यारह विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत रुद्राष्टाध्यायी का पाठ करके रुद्राभिषेक कराया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा रुद्राभिषेक की समस्त तैयारी कर ली गई है जिसमें विशेष रूप से संपूर्ण रुद्राभिषेक इमरती कुंड के जल एवं नर्मदा जल से संपन्न कराया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद जागेश्वरनाथ मंदिर के गोवर्धन पर्वत पर इन्हीं यजमानों द्वारा वृक्षारोपण कराया जाएगा और इस वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

# रेलवे ठेकेदार के डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर

**ठेकेदार के कई डंपरों का पीयूसी ही नहीं**

**जागरण पथरिया।** मामला बीती रात का है। रेलवे स्टेशन के बगल से जा रहे तीन युवकों को रेलवे ठेकदार के डंपरों ने टक्क मार दी। गनीमत यह रही कि मोटर साइकिल पर बैठे तीनों लोग डंफर की टक्कर से दूर जा गिरे जिससे उन्हें सिर्फ मामूली चोटें आई। मौके पर वहां बहुत सारे लोग इकट्ठे हो गए। परंतु उन तीनों युवकों को वहां कोई सुनने वाला नहीं था। वहीं पर मौजूद जब इस बात की सूचना ठेकदार के लोगो को लगी तो वह भी वहां पहुंच गए और मामले को दबाने की कोशिश करने लगे। घटना स्थल पर मौजूद पीड़ितों ने बताया कि यहां से 24 घंटे डंफर निकला करते हैं और यह पहली बार नहीं है। डंफर चालक रोजाना इसी गति से डंफरों को निकाला करते है और कई तो बार बड़ी-बड़ी घटनाएं होने से बची है। रोज की तरह हम आज भी यहां से निकल रहे थे और डंफर स्पीड में आया और हमें टक्कर मार दी जिससे हमें काफी चोटें आई और हमारी मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

इस विषय में जब अंशुमन शुक्ला से पूंछा गया तो इन्होंने बताया कि वह तीनों लड़के शराब पीए थे। शराब के नशे में डंफर से टकरा गए। उन्हें पैसे दे दिए है और उनका इलाज करवा दिया गया है और उन्हें समझा भी दिया है। इनके जवाब से कुछ इस प्रकार लगा कि यह पूरा मामला पुलिस प्रकरण के अंतर्गत आता, परंतु ठेकदार के द्वारा उन्हें पैसे देकर आपस में सुलझा दिया गया और जब उनसे इस विषय में पूंछा तो उन्होंने बाइक सवारों को ही नसे की हालत में बताकर अपना पत्ता साफ कर लिया।



### रेलवे ठेकेदार कर रहे अवैध उत्खनन

रेलवे की तीसरी लाइन विस्तार के काम में ठेकेदार मनमर्जी से काम कर रहे हैं। पथरिया ब्लॉक के उच्च अधिकारियों की उदासीनता के चलते अवैध उत्खनन भी किया जा रहा है। पूर्व में जिला खनिज अधिकारी के द्वारा लगभग 4 महीने पहले इनकी मशीनों पर लगभग 4 लाख रुपए की चालानी कार्यवाही भी की गई थी। उसके कुछ दिनों बाद अवैध उत्खनन का काम काम फिर से शुरू हो गए थे जिसकी शिकायत इन्हें लिखित रूप में भी की और 3 से 4 बार उस शिकायत में क्या कार्यवाही हुई उसके बारे में भी पूंछा गया परंतु इन्होंने कभी जांच संबंधी जवाब नहीं दिए। हमेशा यही कहा में दिखवाता हूं। डंफर दिन रात मुरम लेकर दौड़ते रहते हैं।

# दमोह नाके हटा में चली गोली कोई हताहत नहीं, आरोपी पकड़े

**जागरण, हटा।** नगर एवं आसपास ग्रामो में पुलिस की निष्क्रियता से अपराधों में तेजी से इजाफा हो रहा है। यही कारण है कि कम उम्र के लोग भी खुलेआम माउजर चाकू लहराने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही मामला बुधवार शाम करीब सात बजे दमोह नाके में एक पान के टपरे पर सामने आया है। जहां दो पक्षों में आपसी तू-तू मैं-मैं इतनी बड़ी कि एक तरफ से देशी माउजर से गोली भी चल गई। गनीमत रही कि फायर मिस हो गया और अनहोनी टल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हटा थाना क्षेत्र के दमोह नाका पर जितेंद्र अहिरवार निवासी बरोदा सिमरी हाल निवासी गांधी जी वार्ड का विवाद सकौर निवासी विवेक, अक्षय एवं धर्मेंद्र अठ्या से पुरानी रंजिश को लेकर दमोह नाके पर प्रिंश राय की चाय पान की दुकान पर हुआ। दोनों पक्षों में तनातनी हुई, मारपीट हुई। इसी बीच बिबेक नामक ब्यक्ति ने माउजर से फायर कर दिया जिससे भगदौड़ मच गई। इसी बीच पुलिस को सूचना मिलने पर टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय पुलिस बल के साथ पहुंचे और दोनों पक्षों को पुलिस थाना ले गए। जहां जितेंद्र अहिरवार की फरियाद पर तीन आरोपियों विवेक पिता जमना आठ्या, अक्षय पिता राजेश आठ्या और धर्मेंद्र पिता रामचरण आठ्या निवासी सकौर पर बीएनएस की धारा 296, 115 (2), 351 (2), 125 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी विवेक पिता जमना अठ्या निबासी सकौर से माउजर जप्त किया गया है एवं अक्षय पिता राजेश आठ्या के पास पुलिस को एक चाकू मिला है। प्रकरण में आयुध अधिनियम की धारा 25/27 का इजाफा किया गया है एवं आरोपियो का डॉक्टरी परीक्षण करा कर न्यायालय भी पेश कर दिया गया है।



# एक परिवार एक वृक्ष अभियान के अंतर्गत किया पौधरोपण

**जागरण, पथरिया।** आजाद भारत पार्टी मध्यप्रदेश के तत्पावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर रेलवे स्टेशन रोड स्टेट बैंक के सामने वृक्षारोपण का कार्यक्रम आजाद भारत पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें जिसमें नगर के दर्जनों लोग सहित महिलाएं भी सम्मिलित रही। जिसकी संपूर्ण अध्यक्षता पथरिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन यादव राष्ट्रीय संयोजक सगीर खान महासचिव धीरज प्रसाद बौद्ध पार्टी प्रवक्ता मोहन यादव मीडिया प्रभारी श्रीमती कस्तूरी विश्वकर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष, सीताराम अहिरवार, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष छोटेलाल अहिरवार, अध्यक्ष सलाहकार समिति, संगठन मंत्री श्यामलाल पटेल, धर्मसिंह एडवोकेट, चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष लखन पाली, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय स्टेट बैंक पथरिया शाखा के ब्रांच मैनेजर हरिनारायण अग्रवाल सदस्य टरुण विश्वकर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष की उपस्थिति रही।

### केएन कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में 23 जुलाई को एनएसएस के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीपी चौधरी के संरक्षण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारती चौरसिया एवं समिति सदस्य जया अहिरवार, प्रणव मिश्रा, डॉ.शिरीन खान डॉ. उमेश दीपांकर, अनुभा सोंधिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ.एनपी नायक, डॉ.रेखा जैन, डॉ. अवधेश जैन, डॉ. डीके नेमा, डॉ. मालती नायक एवं समस्त प्राध्यापक, सहायक प्रध्यापक मौजूद रहे।

## रोजगार एवं स्वरोजगार युवा संगम मेला संपन्न

**दमोह।** पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रोजगार एवं स्वरोजगार युवा संगम मेले का आयोजन किया गया। जिसमें शिवशक्ति बायोटेक जबलपुर, सिटी जॉब दमोह, क्रिश कार्प अहमदाबाद, ग्रेट आग्रेनिक डायमण्डए सागर चेकमेट स्किरिटी सर्विस बड़ौदा, भारतीय जीवन बीमा निगम दमोह, निताई ग्रुप दमोह के लिए साक्षात्कार हेतु 211 आवेदकों ने आनलाईन पंजीयन कराया जिसमें 124 आवेदकों के लिए उपरोक्त साक्षात्कार उपरांत कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर वितरित किए गए। मेले में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत 6 प्रकरण 51 लाख 85 हजार रूपये की ऋण राशि स्वीकृत किए गए। सहायक श्रम अधिकारी जीडी गुप्ता एवं आशा सरश्याम ने चयनित आवेदकों के लिए उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में बताया स्वास्थ विभाग दमोह से विधि गुप्ता, डॉ. आदित्य गौर जिला अस्पताल द्वारा 55 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर उनकी कांउसलिंग की मुकेश तिवारी कैरियर कांउसलर द्वारा 42 छात्र-छात्राओं की कैरियर काउसलिंग कर प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### जिले में 613.5 मिमी वर्षा दर्ज

**जागरण दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 613.5 मिमी अर्थात 24.1 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई हैए जो अभी तक गत वर्ष से 255.6 मिमी अर्थात 10.1 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 357.9 मिमी अर्थात 14.0 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 707.0 मिमी दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 702.0 मिमी हटा 619.9 मिमी जबेरा में 707.0 मिमी पथरिया 615.0 मिमी तेन्दूखेड़ा 540.6 मिमी बटियागढ़ 577.0 मिमी तथा पटेरा में 533.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि- दमोह खास पट.ह.नं. 16/31 तह.व जिला-दमोह के बजरिया वार्ड नं. 08, नूरी नगर दमोह तह व जिला दमोह के दमोह बांदकपुर मुख्य मार्ग पर बिलवारी मोहल्ला चौराहा के दाहिने तरफ जाने वाले मार्ग पर कुरैशी बस सर्विस वालों के मकान के पास स्थित ख.नं.-1282/20 कुल रकवा 0.012 हेक्ट. (1350 वर्गफट/125.46 वर्गमीटर के मालिक काबिज मुहम्मद शरीफ वल्द मोहम्मद छेकोड़ी निवासी बजरिया वार्ड नं.08 दमोह तह व जिला दमोह है जिनका नाम राजस्व अभिलेख में बतौर भूमिस्वामी दर्ज है उक्त भूमि स्वामी ने वास्ते मदरसा खोले जाने बाबत अपनी मालिकी की उक्त भूमि का हिवा मेरे पक्षकार के पक्ष में करने का प्रस्ताव रखा है यद्यपि उक्त भमि साफ पाक और विवाद रहित है फिर भी एहतिहात के तौर पर उक्त दर्शित भूमि में सर्वसाधारण या किसी पक्ष का कोई दावा हक या अधिकार निहित है या उक्त भूमि किसी के भी समक्ष गिरवी, रहन, वय या हिवा रखी हुयी है तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर मेरे अधिवक्ता कार्यालय में संपर्क कर अपनी उज़र या आपत्ति समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित पेश कर सकता है, बाद गुजरने म्यांद इस जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त दर्शित भूमि स्वामी से अपने पक्ष में हिवानामा करा पाने स्वतंत्र रहेगा लिहाज़ा यह ज़ाहिर सूचना जारी कर दी ताकि सनद रहे वक्त पर काम आवे दमोह दिनांक 24/07/2025

हस्ताक्षर - हिवा ग्रहीता

एडवोकेट - प्रशान्त सिंह हजारी
हजारी भवन, स्टेशन रोड दमोह
9893922955/8878288955

## अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई



**जागरण, सागर।** भवानी सेवा समिति द्वारा समिति के सभी सदस्यों द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इंजी. आकाश कोरी ने पुष्प माला अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए बताया कि चन्द्रशेखर आजाद जी का जन्म अलीराजपुर जिले के भाबरा गाँव के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। आजाद का प्रारम्भिक जीवन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गाँव में बीता। बालक चन्द्रशेखर आज़ाद का मन अब देश को आज़ाद कराने के अहिंसात्मक उपायों से हटकर सशस्त्र क्रान्ति की ओर मुड़ गया। सन् 1922 में गाँधीजी द्वारा असहयोग आन्दोलन को अचानक बन्द कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे क्रान्तिकारी गतिविधियों से जुड़ कर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गये। इस संस्था के माध्यम से राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में पहले 9 अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड किया और फ़रार हो गये। इसके पश्चात् सन् 1927 में बिस्मिल के साथ 4 प्रमुख साथियों के बलिदान के बाद उन्होंने उत्तर भारत की सभी क्रान्तिकारी पार्टियों को मिलाकर एक करते हुए हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया तथा भगत सिंह के साथ लाहौर में लाला लाजपत राय की मौत का बदला सॉण्डर्स की हत्या करके लिया एवं दिल्ली पहुँच कर असेम्बली बम काण्ड को अंजाम दिया ।ऐसा भी कहा जाता हैं कि आजाद को पहचानने के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने 700 लोग नौकरी पर रखे हुए थे। इस अवसर पर समिति के सदस्यों में राजेश फुशकेले,नरेंद्र जैन, हरिराम साहू,शीलचंद जैन, प्रमोद नेमा ,अनुज साहू,रवि रजक, वीर विश्वकर्मा, तनय विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात् इंजी. आकाश ने सभी का आभार प्रकट किया।

## वॉटर ट्रीटमेंट प्लान से ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

**जागरण, राहतगढ़।** केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिसके अंतर्गत चयनित सभी ग्रामों में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। जिसका लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण के घर में प्राथमिकता से नल द्वारा स्वच्छ जल पहुंचाना है। योजना के अंतर्गत ब्लाक क्षेत्र के 131 ग्रामों में शुद्ध पेयजल नलों के द्वारा पहुंचाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। उक्त योजना का मुख्य स्रोत बीना नदी म?िया डेम है। जिसमें राहतगढ़ ब्लाक के 131 गांव जैसीनगर ब्लाक के 145 गांव सागर ब्लाक के 26 गांव एवं बेगमगंज ब्लाक के 15 गांव शामिल हैं। कुल 317 गांव में शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। ग्रामों में शुद्ध पेयजल की सप्लाई प्रारंभ कर योजना का मुख्य उद्देश्य सभी ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल को नियमित उपलब्ध कराना है। एलसीसी प्रोजेक्ट कंपनी मैनेजर भीष्मपाल सिंह राठौर ने बताया कि गांव के प्रत्येक परिवार को सामाजिक एवं आर्थिक भेदभाव रहित नल कनेक्शन द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना है। इस सुविधा से लोगों को सुरक्षित पेयजल प्राप्त हो रहा है। वहीं दूसरी ओर उनके श्रम व समय की भी बचत हो रही है। जिसे ग्रामीण अपनी आर्थिक उन्नति के कायों में लगा रहे हैं। योजना से विशेष रूप से महिलाओं में उत्साह का वातावरण है क्योंकि अधिकांशत पानी लाने हेतु महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। बीना बहुउद्देशीय परियोजना के तहत निर्मित मड़िया डेम से ग्राम नयाखेड़ा में बने जल सर्वप्रथम जल शोधन संयंत्र लाया जाता है जहां पर जल का शुद्धिकरण करने के पश्चात ही विभिन्न ग्रामों में बनी पानी की टंकियों में भेजा जाता है जिनसे जल की सप्लाई ग्रामों में की जाती है। वहीं इसी योजना से लाभान्वित एवं उद्देश को पूरा करने पर जिला कलेक्टर संदीप जीआर ने बीते दिनों जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से जल निगम के द्वारा जिले के राहतग? विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिचपुरी के सरपंच प्रदीप साहू को शत प्रतिशत घरों में पेयजल सप्लाई करने एवं शत प्रतिशत मासिक किराया लेने पर प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत भी किया है। इस दौरान कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि जिले में इसी प्रकार से सभी ग्रामों कार्यवाही की जाना है जिससे कि जिले में शत प्रतिशत घरों को समय पर पेयजल उपलब्ध हो सके और उसके मासिक राशि का कलेक्शन भी संबंधित पंचायत को मिल सके। उन्होंने कहा कि बिचपुरी सरपंच द्वारा अपनी ग्राम पंचायत में इस योजना के माध्यम से 100 प्रतिशत परिवारों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है और उनसे मासिक राशि प्राप्त की। ऐसी ही व्यवस्था पेयजल आपूर्ति वाले सभी ग्रामों में कराई जा रही है। योजना ग्रामवासियों के लिए पेयजल उपलब्धता हेतु वरदान साबित हो रही है। परियोजना से हजारों परिवार लाभांवित हो रहे हैं।



## शास.महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



**जागरण राहतगढ़ ।** शासकीय महाविद्यालय में शासन के आदेश अनुसार विकसित मध्यप्रदेश 2047 अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा रुझान एवं नए अवसर पर आयोजित कार्यशाला का सीधा प्रसारण संस्था प्राचार्य डॉ चंदनसिंह सागर के निर्देशन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ चन्दनसिंह सागर ने कहा कि आज की शिक्षा रोजगारपरक हो तभी शिक्षा की अनिवार्यता बनी रहेगी। कार्यक्रम प्रभारी डॉ रितु व्यास के उद्गार रहे नई शिक्षा नीति में वोकेशनल विषय इस ओर विद्यार्थी को ले जाते हैं कि वे अपनी डिग्री लेकर रो?गार के क्षेत्र में लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। डॉ भरत पटेल ने बताया शिक्षा पूर्ण कर नवीन अवसर तलाशने कैरियर मार्गदर्शन योजना भी अपनी मुख्य भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में सन्दीप जैन आशीष रैकवार डॉ निधि नगाईच डॉ श्रीकांत रिंगे डॉ अपर्णा दुबे अनीता मालवीय अंजुलता गोस्वामी डॉ रश्मी जैन दीपशिखा नेमा कुन्दनलाल पटेल अजय अहिरवार संजय पटेल अजय पटेल ममता रैकवार आदि उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क योग प्रशिक्षण एवं परामर्श सम्पन्न



**जागरण, सागर।** आचार्य चरक जयंती पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ.सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं श्रीमती शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 143वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 261 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ.राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। योग प्रशिक्षण, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। शिविर में 42 रक्ताल्पता, 65 रक्त शर्करा, 52 यूरिक एसिड 60 बी एम डी हड्डी व 42 मांसपेशियों की जांच की गई। यह शिविर प्रातः शिवोम शान्ति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र 5 सिविल लाइन सागर के परिसर में किया गया।

## विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

**जागरण, राहतगढ़।** नगर के शासकीय सांदीपनि सीएम राइज स्कूल में नशामुक्ति अभियान के तहत नशा के दुष्प्रभाव एवं इससे दूरी बनाए रखने जागरूक किया गया। जिसमें पुलिस की टीम द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान प्राचार्य सुरेश पटेल द्वारा बतलाया गया कि नशा जीवन का नाश है नशा से एक साथ तीन पीढ़ी पर प्रभाव पड़ता है। विद्यालय के शिक्षक नवीन राय द्वारा सभी छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पुष्पलता कुशवाहा मनोहर विश्वकर्मा महेश रोहित मनीष सेन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



## प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया अपना हुनर



**जागरण बीना ।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, बीना में कल 23 जुलाई को जिला स्तरीय शालेय प्रतियोगिता 2025 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुलबॉल, बाल बैडमिंटन, कुश्ती, बॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल जैसी विभिन्न खेल विधाओं में जिला स्तरीय मुकाबले आयोजित किए गए।प्रतियोगिता में बीना, खुरई, बंडा, देवरी, राहतगढ़, मालथौन सहित जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए हुए छात्र.छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने.अपने खेलों में उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड शिक्षाधिकारी नितेश दुबे एवं विद्यालय के प्राचार्य एस पी तिवारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में महेश अहिरवार, सलामत खान,रविन्द्र खटोल, नीरज श्रीवास्तव, शरीफ खान, मनोज यादव, अशोक अहिरवार, सुनील कुमार जैन, महेन्द्र यादव,मनीष यादव,यशपाल अरोरा,जफर खान ने आयोजन की सफलता में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समस्त प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### नाबालिग बालक को परिजनों को सौंपा

**जागरण, बीना।** चौकी मंडी बामौरा थाना आगासौद पुलिस ने 11 वर्षीय नाबालिग बालक को जयपुर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। बालक 17 जुलाई की शाम करीब 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया था। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुमशुदा नाबालिगों की दस्तयाबी को लेकर समय.समय पर निर्देश जारी किए जाते हैं। इस मामले में भी पुलिस अधीक्षक महोदय सागर विकास सहवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उइके के निर्देश पर एसडीओपी बीना नीतेश पटेल व थाना प्रभारी आगासौद नितिन पाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मंडी बामौरा क्षेत्र के सभी सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की जिसमें नाबालिग को जयपुर जाने वाली गाड़ी क्रमांक 14814 के कोच एस.2 में उसकी उपस्थिति पाई गई।

## श्रावण मास में भक्तमाल शोभायात्रा, कथा का आयोजन

**जागरण, बीना।** श्रावण मास पर गुरुवार को राधे.राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा नगर में भक्तमाल की शोभायात्रा निकाली गई। पाठक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर पर भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन हुआ। भक्तमाली कुंज बिहारी दास ने बताया कि भक्तमाल ग्रंथ नाभादास महाराज की कृपा से प्रकट हुआ एक दिव्य और आशीर्वादात्मक ग्रंथ है। इसमें सभी संप्रदायों के संतों और महापुरुषों का समभाव से संस्मरण किया गया है। उन्होंने कहा कि संत तो प्रियतम के भी प्रिय हैं। भगवान अपने से अधिक भक्तों को आदर देते हैं।भक्तमाल नाम का अर्थ समझाते हुए कुंज बिहारी दास ने कहा कि यह ग्रंथ भक्तों के चरित्र रूपी पुष्पों की एक ऐसी माला है जिसे स्वयं भगवान हरि अपने कंठ में धारण करते हैं। जैसे माला में मणियाँ सूत्र सुमेरु और कुंदना होते हैं वैसे ही इसमें भक्तजन मणियाँ हैं भक्ति सूत्र है सुमेरु गुरुदेव और गुच्छा भगवान स्वयं हैं। उन्होंने नाभादास महाराज के जीवन का रहस्य बताते हुए कहा कि वह जन्म से नेत्रहीन थे। जब गुरुदेव की कृपा से उन्हें दृष्टि प्राप्त हुई तो उन्होंने सबसे पहले संतों का दर्शन किया।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तिलक वार्ड देवी स्थित अंदर आबादी की भूमि खसरा नम्बर 112 रकबा 1024 वर्गफुट भूमि जिसके विक्रेता रामकुमार पिता बल्लू, कमलरानी पति बल्लू, महेश, लल्लू पिता गजाधर यादव, गनेशी बाई पुत्री, सावित्री पुत्री गजाधर यादव ने उक्त भूमि वर्ष 2010 में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1537 दिनांक 09/03/2010 को क्रेता प्रवीण कुमार पिता निर्मल कुमार जैन श्रीमति अनीता पति निर्मल कुमार जैन को विक्रय की गई। उक्त रजिस्ट्री क्रेता गणो द्वारा गुम हो गई अतः उक्त रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के सम्बंध में किसी व्यक्ति संस्था, बैंक इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो बैंक ऑफ बड़ौदाशाखा देवरी को 7 दिवस के अंदर सूचित करे। यह संपत्ति वर्तमान में अनूप कुमार चौरसिया एवं अजय चौरसिया द्वारा खरीदी रही है। जो बैंक ऑफ बड़ौदा देवरी से वित्त प्रदान किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति है, तो वह 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करवाएँ।

## न्यूज कार्नर

### हरियाली अमावस्या पर किया गया पौधरोपण



**बरेली।** हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में ग्राम सिंहपुर में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कविंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा वृक्षारोपण कर हरियाली उत्सव मनाया। उन्होंने आमजन को प्रकृति को हरा भरा करने का संदेश दिया भी दिया। रविंद्र सिंह रघुवंशी ने वृक्षारोपण पश्चात कहा कि वृक्षारोपण करने के बाद वृक्षों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी बनती है हमें समय-समय पर उनकी देखभाल करते रहना चाहिए।

### बाल कवि सम्मेलन में कविताओं की प्रस्तुति



**बरेली।** राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा आयोजित मानस सत्संग भवन में द्वितीय वर्ष के चतुर्थ दिवस पर शिवलिंग निर्माण के साथ बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस वात्सल्य स्कूल, सर्वोदय स्कूल, नर्मदा वैली स्कूल से आए नन्हे बच्चों ने शिव लिंग निर्माण करते हुए धार्मिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी जिसने श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। नन्हीं कवियत्री कुशाली साहू, आस्था राजोरिया, नीरज शर्मा, सत्यम पटेल ने नगर के कवि प्रेमनारायण साहू के निर्देशन में कविता पाठ किया। वहीं प्रारंभ में आज नन्हे बाल व्यास प्रखर द्विवेदी ने शिव महिमा का बखान किया।
कार्यक्रम के चौथे दिन मुख्य रूप से पधारे अतिथि पार्षद पूरन धाकड, डॉ अजय रघुवंशी, अवनीश पालीवाल ने दीप प्रज्वलित कर सत्र का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय हिंदू सेना के श्याम राजपूत, गोपाल रघुवंशी, जगदीश राजपूत और जिलाध्यक्ष अखिल खरे ने आयोजन में पधारे स्कूल के नन्हे बच्चों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



### हरियाली अमावस्या पर महिलाओं ने रोपे पौधे

**जागरण, गंजबासौदा।** श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदान्ती जी महाराज द्वारा स्थापित वेदान्त आश्रम में चल रहे मासिक पार्थिव शिवलिंग अभिषेक पूजन अर्चन के महामहोत्सव के मध्य में गुरुवार को हरियाली अमावस्या के पुण्य पर्व के शुभ अवसर पर महिला मण्डल एवं सभी भक्तों द्वारा पौधारोपण का कार्य किया गया। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज गुरुवार को हरियाली महोत्सव पर आयोजित शिवलिंग पूजन निर्माण के यजमान गणेशराम रघुवंशी ने सपरिवार मनकामेश्वर महादेव का भव्य एकादशनी रुद्राभिषेक महाराज श्री के द्वारा किया। इसके अलावा आश्रम में पंच दिवसीय झूलन महोत्सव एवं भजन संध्या का विराट कार्यक्रम प्रारंभ किया गया गया तथा साथ ही साथ आश्रम में विराजित पृथ्वी एवं धर्म स्वरूपा गौ माताओं को दिन गुरुवार का ध्यान देते हुए चना एवं गुड खिलाया गया एवं हरियाली पर्व पर हरा चारा खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और आज के दिन किया गया प्रकृति पूजन का फल अखण्ड सौभाग्य एवं सुख समृध्दि का पूरक बताते हुए कहा कि हरियाली अमावस्या को प्रकृति की पूजा की जाती है। आश्रम में पीपल, आंवला, नीम, बरगद, शमी आदि के पौधे लगाए गए।

### पुल, पुलिया पार करते समय दो स्थानों पर बाइक सहित बहे युवक, बड़ा हादसा टला

# आदेश-निर्देश बेअसर, रपटे, पुलियों पर बाढ़ का पानी होने के बावजूद पार कर रहे लोग

**जागरण, रायसेन**

जिले भर में पिछले 24 घंटे से बारिश का दौर लगातार जारी है, ऐसे में अधिकांश नदी और नाले उफान पर हैं। नदियों में बारिश का पानी आ जाने से बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। नदियां अपने तटबंध तोड़कर खेतों और रहवासी क्षेत्रों में बह रही हैं। इन नदियों पर बने रपटे, पुल एवं पुलियाओं पर भी बाढ़ का पानी आ गया है, जिससे मार्ग बाधित हो गए हैं। लेकिन देखने में आ रहा है कि पुल पुलियाओं और रपटों पर बाढ़ का पानी होने के बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इन्हें पार करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में हादसों की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

मंगलवार को दो अलग-अलग स्थानों पर ऐसे रपटे पार करते समय बाईक सहित दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। गनीमत यह रही कि मौजूद लोगों ने अपनी जान पर खेलकर इनकी जान बचाई। बता दें कि प्रशासन द्वारा लगातार चेतावनी, आदेश और निर्देश दिए जा रहे हैं कि रपटों पर बाढ़ का पानी होने की दशा में उसे पार न करें, लेकिन प्रशासन के निर्देश जिले में बेअसर साबित हो रहे हैं। लगातार 24 घंटे से हो रही तेज बारिश की वजह से बाड़ी स्थित बारना बांध के चार गेट खोल दिए गए हैं। डेम में मात्रा से अधिक पानी हो जाने की वजह से उक्त गेट खोले गए हैं। उधर बेगमगंज तहसील में सेमरी एवं बीना नदी पर बने छोटे पुल एवं रपटे जलमग्न होने से आवागमन बंद हो गया है। जबकि बेगमगंज सुल्तानगंज मार्ग 2 दिन से बंद है। यहां पांडाझिर के पास दुधई नदी पर बनाया गया अस्थाई रपटा दो दिन पूर्व 5 वी बार फिर से टूटकर बह गया है। बीना नदी का बेरखेड़ी घाट, बर्री कला घाट जलमग्न होने से कई क्षेत्रों का सड़क संपर्क टूट चुका है। सेमरी नदी का नैनविलास घाट भी जलमग्न होने से रात से ही आवागमन बंद है।

### पत्थरों में बाइक अटकने से बची जान

बेगमगंज में ईदगाह के पास से निकले माला फाटक-चँदोरिया मार्ग पर एक युवक लोगों के द्वारा रोके जाने के बाद भी जबरन बाइक सहित रपटा पार करने लगा। पानी की तेज बहाव में वह बाइक सहित बहने लगा। गनीमत यह रही कि उसकी बाइक पत्थरों में फंस गई, जिससे उसकी जान बच सकी अन्यथा अनहोनी होने से कोई नही रोक सकता था। रपटे पर मौजूद लोगों ने उसे रुकने का बहुत कहा लेकिन वो नहीं माना और अपनी बंद हो गई बाइक को उठाकर पैदल ही दूसरी तरफनिकलकर चला गया।



### तेंदोनी नदी के पुल पर बाइक सहित बहे युवक

**सिलवानी।** सिलवानी-उदयपुरा मार्ग पर स्थित तेंदोनी नदी के पुल पर दो फीट पानी होने के बावजूद दो युवक बाइक लेकर पुल पार करते नजर आए।दोनों युवक बाईक सहित पानी के तेज बहाव में बहने लगे। दोनों युवक ग्राम चंदन पिपरिया से सेटिंग पिलेट बाइक पर रखकर सिलवानी की और आ रहे थे। उनकी सेंटिंग प्लेटें भी बाइक के साथ बहने लगीं थीं। बड़ी मुश्किल से दोनों लोगों ने अपनी जान बचाई। घटना बुधवार शाम की है, लेकिन हादसे की आशंका के बावजूद न तो पुल को बंद किया गया और न ही वहां कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया। हालांकि सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा बल भी तैनात किया गया था। स्थानीय लोगों ने बेरिकेट लगाकर निगरानी बढ़ाई जाने की मांग की है।

### भारी बारिश से जलभराव, नगर परिषद सीएमओ व भाजपा नेता ने लिया जायजा



**सिलवानी।** नगर में लगातार हो रही बारिश के कारण वार्ड क्रमांक 14 नया बस स्टैंड के पास सहित कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलभराव से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद सीएम ओं ऋषिकांत यादव एवं भाजपा नेता मिलन जैन ने वार्ड क्रमांक 14 का दौरा कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। स्थल निरीक्षण के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद के कर्मचारियों को तत्काल जल निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। नगर परिषद की टीम मौके पर मौजूद रहकर पानी निकासी के कार्य में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने भी जनप्रतिनिधियों की तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।

### पंच-ज अभियान के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश, कलेक्टर, एसपी ने रोपे पौधे



**रायसेन।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 24 जुलाई को प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में विधिक सेवा, प्रकृति की रक्षा हेतु ''पंच ज'' अभियान के अंतर्गत 15 जुलाई से 15 सितम्बर 2025 तक संचालित प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण विशेष अभियान के तहत वन विभाग रायसेन के समन्वय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा चिड़िया टोल ग्राम खरवई में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने, जिला कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रतिभा शुक्ला सहित जिला न्यायालय रायसेन के समस्त न्यायाधीशगणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय अनिल कुमार सोहाने द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण से बचाव हेतु आज के समय में अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है।

### डीईओ का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित मिले 12 शिक्षक, मिलेगा नोटिस

**रायसेन।** गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने उत्कृष्ट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीईओ को 12 शिक्षक स्कूल में अनुपस्थित मिले। श्री रजक गुरूवार सुबह करीब 10.15 बजे स्कूल पहुंचे। शिक्षक साढ़े 10 से 10.40 बजे के बीच स्कूल आए। डीईओ ने इस पर कार्रवाई करते हुए अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया। गुरुवार को इन शिक्षकों को नोटिस दिए जाएंगे। दोपहर 2 बजे डीईओ ने सभी शिक्षकों की मीटिंग ली। उन्होंने शिक्षकों को समय पर स्कूल आने और शाम 5 बजे तक रुकने के निर्देश दिए। शिक्षकों को अपना लंच साथ लाने को कहा गया। विद्यार्थी अनुशासन को लेकर डीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए। लंच के समय विद्यार्थियों को स्कूल कैंपस से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। अगर कोई विद्यार्थी नियम नहीं मानता है, तो उसके अभिभावकों को सूचित कर नोटिस जारी किया जाएगा। विद्यार्थियों को खाने-पीने की सामग्री की आवश्यकता हो तो वो स्कूल में ही उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य और विद्यार्थियों के बीच विवाद के बाद से उत्कृष्ट विद्यालय चर्चा में है। वहीं कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा भी अधिकारियों को शासकीय शालाओं की सतत मानीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं, जिसपर अधिकारी शालाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

## हर बच्चे की पहली गुरू उसकी मां होती है

### साँची विश्वविद्यालय में गुरू शिष्य परंपरा पर परिचर्चा

**जागरण, सलामतपुर**



साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में गुरु-शिष्य परंपरा पर एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। भारतीय शिक्षण मंडल के साथ आयोजित परिचर्चा में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव और डीन प्रो. नवीन कुमार मेहता ने कहा कि ज्ञान के समान कोई वस्तु शुद्ध नहीं है। उन्होंने श्री कृष्ण के गुरु संदीपनि, चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु चाणक्य, विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस और शिवाजी के गुरु रामदास स्वामी पर परिचर्चा की।

भारतीय शिक्षण मंडल के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कौशल प्रताप सिंह ने कहा कि भारत में ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिससे भारत के अंदर भारतीयता की आत्मा हो, भारतीयता के मूल्य हों जिससे भारतए भारत बना रहे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के समस्त शिक्षण संस्थानों की नीति, पाठ्यक्रम और पद्धति भारतीय परंपरा पर आधारित होनी चाहिए। परिचर्चा में भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो.हरिहर वसंत गुप्ता ने कहा कि गुरु अपने ज्ञान का विस्तार शिष्य के माध्यम से ही करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में जो भी वस्तु या व्यक्ति प्रभाव डालता है वो उसका गुरु होता है, जैसे की हर बच्चे की पहली गुरु उसकी मां होती है। प्रो. गुप्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में चाहिए कि गुरु अपने शिष्यों के साथ अधिक से अधिक रहे ताकि उसके ज्ञान का प्रभाव छात्रों पर पड़े। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा प्रासंगिक है और सफलता का रास्ता गुरु ही है। प्रो. गुप्ता ने आव्हान किया कि छात्रों को भारतीय ज्ञान संपदा पर आधारित किताब समूह बनाकर लिखना चाहिए। भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से इस हेतु सवा लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध रहेगी।

### विधायक रघुवंशी के प्रयासों का दिखने लगा रंग

# 20 करोड़ की लागत से जनजातीय बस्तियों में बनेंगी 12 पक्की सड़कें

**जागरण, गंजबासौदा।**

क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों से प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत गंजबासौदा क्षेत्र की विभिन्न जनजातीय बस्तियों के लिए करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से 12 सड़कों को स्वीकृति मिल गई है। विधायक ने इस पहल को 'अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उदय' बताते हुए कहा कि ये सड़कें जनजातीय समाज के उत्थान और विकास के लिए परिवहन की मुख्य कड़ी साबित होंगी। इन सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा।



### जनजातीय उत्थान के लिए भाजपा प्रतिबद्ध

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि पिछली सरकारों ने जनजातीय समाज के उत्थान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण वे दशकों तक सबसे पिछड़ी समाजों में गिने जाते रहे। उन्होंने कहा कि 70 वर्षों में उन्हें न तो कोई सुविधाएँ मिलीं और न ही उनके जीवन स्तर को सुधारने या समाज से जोड़ने के लिए कोई ठोस प्रयास हुए। इसके विपरीत, उन्हें समाज से काटकर एक अलग बस्ती में बसा दिया गया।

रघुवंशी ने जोर दिया कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का विकास करना है, जिसे वे जमीनी स्तर पर सार्थक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनजातीय समाज के उदय के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं, जिनमें अच्छी चिकित्सा, शिक्षा, प्रधानमंत्री पक्के आवास, और जनजातीय बस्तियों में बिजली व पानी की व्यवस्था शामिल है। इसी कड़ी में, 20 करोड़ रुपये की लागत से इन जनजातीय बस्तियों के लिए सड़कों को मंजूरी मिली है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने इस पहल के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित सभी वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### विधायक के प्रयासों यह सड़कें हुई स्वीकृत

उदयपुर (मुर्जजानगर से महोली उदयपुर मार्ग) 2.3 किलोमीटर, अनुमानित लागत 161.52 लाख, नहारिया से खोंगरा मार्ग, 3.7 किलोमीटर, अनुमानित लागत 3 करोड़ 7 लाख, पधार से खजूरी सेहरिया बस्ती मार्ग 900 मीटर, अनुमानित लागत 71.30 लाख,अजीजपुर भेडरू से आकाडोडा जनजातीय बस्ती मार्ग 4.2 किलोमीटर, अनुमानित लागत 276.96 लाख, गुलाबगंज रोड से परसौरा जागीर मार्ग 1.4 किलोमीटर, अनुमानित लागत 1 करोड़ 7 लाख, सतपाड़ाकलां से सतपाड़ाकलां टपरा तक सड़क निर्माण- 1.1 किलोमीटर, अनुमानित लागत 69.03 लाख, दैलबाड़ा से दैलबाड़ा जनजाति बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य- 1.1 किलोमीटर, अनुमानित लागत 76.66 लाख, गमाखर से गमोलीखेड़ा तक सड़क निर्माण कार्य 2.1 किलोमीटर, अनुमानित लागत 168 लाख, भिलाय से भिलाय कालापाठा जनजातीय बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य 5.4 किलोमीटर, अनुमानित लागत 3 करोड़ 92 लाख, नौघई से टपरा सागर तक सड़क निर्माण, 3.8 किलोमीटर, अनुमानित लागत 265.82 लाख, गोरिया टप्पा से रहीशनगर / गोरिया आदिवासी बस्ती तक सड़क निर्माण, 1 किलोमीटर, अनुमानित लागत 72 लाख, इन सभी सड़कों के लिए शीघ्र ही निविदा सूचना जारी होकर निर्माण कार्य प्रारंभ होंगे। जनजातीय बस्तियों में इन सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति से समाज में खुशी की लहर है, और सामाजिक लोगों ने क्षेत्रीय विधायक

## डीएम एवं विधायक ने देवपुर छात्रावास गौशाला का किया निरीक्षण



**जागरण, सिरोंज।**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अपने सिरोंज दौरे पर विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर गुप्ता सबसे पहले भोपाल रोड स्थित छात्रावास पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुधार करने के निर्देश दिए। इसके बाद, उन्होंने पॉलिटेक्निक आईटीआई और पामाखेड़ी में उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

### बाबा विश्वनाथ मंदिर का दौरा कर देखीं व्यवस्थाएं

कलेक्टर श्री गुप्ता बाबा विश्वनाथ मंदिर देवपुर भी पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रावण सोमवार को लगने वाले मेले और दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान उनके साथ सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, तहसीलदार विकास अग्रवाल, देवपुर मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद पालीवाल सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। समिति के सदस्यों ने कलेक्टर को देवपुर की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। वहीं, बीजेपी देवपुर मंडल द्वारा कलेक्टर विदिशा को मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें लाइट व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, जल व्यवस्था समेत कई मांगों का उल्लेख था।

### मूंग उपार्जन केंद्र और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर गुप्ता मूंग उपार्जन केंद्र पर भी पहुंचे और किसानों से बात की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों पर जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने छात्रावास में पाई गई अव्यवस्थाओं को सुधारने और संबंधितों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कीटनाशक दुकान चलाने वालों पर भी कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनपद पंचायत में जिन श्मशान घाटों में टीन शेड नहीं हैं, उन्हें पंचायत द्वारा बनवाने की बात भी कही।

### विधायक के साथ गौशाला में पौधरोपण

कलेक्टर ने लटेरी रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला का भी निरीक्षण किया और जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ओमप्रकाश सनोडिया, एसडीएम हर्षल चौधरी भी थे। इस मौके पर श्री गौशाला समिति के संरक्षक, विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा कलेक्टर का स्वागत करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने श्री कृष्ण वाटिका में पौधरोपण किया।



## उदयपुर में खुदाई के दौरान 16वीं-17वीं शताब्दी का प्राचीन शिवलिंग मिला



**जागरण, गंजबासौदा।**

गुरुवार सुबह उदयपुर गांव में चौखंडी वाली मस्जिद के पास खुदाई के दौरान एक प्राचीन शिवलिंग मिला है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को इसकी सूचना दी, जिसके बाद अधिकारी पुरातत्व विभाग के साथ मौके पर पहुंचे और शिवलिंग को सावधानीपूर्वक मिट्टी से बाहर निकाला।

### विभाग की प्रारंभिक जानकारी

पुरातत्व विभाग के रामनिवास शुक्ला ने बताया कि यह शिवलिंग 16वीं-17वीं शताब्दी का है और इसकी ऊंचाई लगभग 3 फीट है। जिस स्थान पर यह शिवलिंग मिला है, वहां निजाम नामक व्यक्ति अपने भवन का निर्माण करवा रहा था, और उसी दौरान यह शिवलिंग दिखाई दिया। अधिकारियों ने बताया कि यदि ग्रामीण प्राचीन प्रतिमा की जिम्मेदारी लेने को तैयार होते हैं, तो शिवलिंग को वहीं छोड़ दिया जाएगा। अन्यथा, इसे उदयपुर के प्राचीन पिसन हारी मंदिर में बनाए गए संग्रहण कक्ष में सुरक्षित रख दिया जाएगा। यह खोज क्षेत्र में पुरातात्विक महत्व को बढ़ाती है और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। उदयपुर गांव में प्राचीन शिवलिंग मिलने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। नायब तहसीलदार अनुराग रावत ने मौके पर पहुंचकर बताया कि जिस भूमि पर यह शिवलिंग मिला है और जहां निर्माण कार्य चल रहा था, वह शासकीय भूमि है। उन्होंने कहा कि अब यह जांच की जाएगी कि शासकीय भूमि पर निर्माण कैसे किया जा रहा था और संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों की मांग-मौके पर ही हो शिवलिंग की स्थापना

ग्रामीण राजेश नाथ और अन्य स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवलिंग को उसी स्थान पर रखा जाए, ताकि लोग उसकी पूजा-अर्चना कर सकें। उनका यह भी कहना है कि शिवलिंग के साथ-साथ पत्थरों पर अन्य कई प्राचीन अवशेष भी दिखाई दिए हैं। यह स्थिति प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है, क्योंकि एक तरफ शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण का मामला है, तो दूसरी तरफ ग्रामीणों की धार्मिक आस्था और प्राचीन शिवलिंग के संरक्षण की मांग है। आगे देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या निर्णय लेता है।

# जागरण विदिशा

विदिशा, 25 जुलाई, 2025 शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर www.dainikjagranmpcg.com


## नीम का पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत

**जागरण विदिशा।** सहकारी संस्था इफ्को एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित विदिशा के संयुक्त तत्वाधान में आज विदिशा जिले के ग्राम बरखेड़ी में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान अभियान के तहत नीम के पौधे लगाए गए हैं। इफको द्वारा जिले में 25 हजार नीम के पौधे उपलब्ध कराए गए हैं। अभियान में उपसंचालक कृषि केएस खपेड़िया, उपायुक्त सहकारी संस्थाएं ध्रुव झारिया, विनय प्रकाश सिंह आदि ने भाग लिया।

## महिला जैन मिलन ने वृद्धाश्रम में लगाए पौधे

जागरण, गुना। महिला जैन मिलन कैंट की वीरांगनाओं ने हाल ही में अपना घर वृद्धाश्रम का दौरा किया और बुजुर्गों के बीच खुशियां बांटी। वीरांगनाओं ने बुजुर्गों को फल, बिस्कुट, कपड़े, चूड़ी, कंगन और अन्य उपयोगी वस्तुएं वितरित कीं। सामग्री वितरण के साथ-साथ, उन्होंने वृद्धाश्रम परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस पुनीत कार्य में वीरांगना अध्यक्ष ज्योति जैन, मंत्री नीलू जैन, मीडिया प्रभारी करुणा जैन, ममता, अभिलाषा ने सहयोग दिया।

## न्यूज कार्नर

### हरियाली अमावस्या पर मुक्तिधाम में हुई वृक्षों की पूजा



**विदिशा।** मोक्षधाम सेवा समिति के सदस्यों ने हरियाली अमावस्या के अवसर पर मुक्तिधाम परिसर में वृक्षों का पूजन किया। सदस्यों ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधे और नए पौधों का रोपण भी किया। समिति द्वारा जनसहयोग से मुक्तिधाम को स्वच्छ और सर्वसुविधायुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले वर्षों में लगाए गए पौधे अब वृक्ष बनने की कगार पर हैं। ये फूलदार होकर परिसर की सुंदरता बढ़ा रहे हैं। दोपहर के बाद समिति के सदस्य परिसर में एकत्रित हुए। उन्होंने पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वृक्षों और भगवान शिव.पार्वती का श्रद्धाभाव से पूजन किया। सदस्यों ने वृक्षों को रक्षासूत्र बांधकर उनके संवर्धन का संकल्प लिया। सनातन धर्म में हरियाली अमावस्या को प्रकृति की हरियाली और नवीनीकरण के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसे आस्था, उमंग, प्रेम, सौंदर्य तथा शिव.पार्वती के पुनर्मिलन के रूप में भी जाना जाता है। इस कार्यक्रम में समिति सदस्य राकेश भार्गव, सचिन शर्मा, शेरसिंह राजपूत, श्यामकुमार साहू सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जिले में 13.5 मिमी औसत वर्षा हुई दर्ज

**विदिशा।** विदिशा जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू.अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर गुरूवार 24 जुलाई की सुबह आठ बजे 15.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 488 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 422.4 मिमी हुई थी। अधीक्षक भू.अभिलेख श्रीमती पटेल ने बताया कि गुरूवार 24 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा शमशाबाद तहसील में 30 और सबसे कम गुलाबगंज तहसील में एक मिमी दर्ज हुई हैं इसके अलावा विदिशा में छह मिमी बासौदा में नौ मिमी, कुरवाई में 27.2 मिमी, सिरोंज में आठ मिमी, लटेरी में 20.2 मिमी, ग्यारसपुर में छह मिमी, नटेरन में 17 मिमी तथा पठारी तहसील में 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई हैं।

### जन सुरक्षा कैंप का हुआ आयोजन

**विदिशा।** विदिशा जिले में जन सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन सतत जारी है इसी के तहत उदयपुर ग्राम पंचायत में जन सुरक्षा कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें बैंकों के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में एलडीएम विदिशा भगवान सिंह बघेल के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि ग्राम पंचायत के अंदर आने वाले सभी बैंक खाता धारकों की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना का लाभ सभी पात्र खाताधारकों को मिल सके। इसलिए इस कैंप का आयोजन उदयपुर की ग्राम पंचायत में रखा गया है। उन्होंने पंचायत के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत के अंदर कोई भी खाता धारक बीमा से वंचित ना रहे कोई भी व्यक्ति जनधन खाते से वंचित न रहे।

## बारिश के दौरान प्रशासन की दो तस्वीरें आईं सामने

# एक जिला पंचायत के निकम्मेपन की, दूसरी पुलिस की तत्परता की

### त्रिस्तरीय पंचायती राज में भी नहीं खुल सके विकास के द्वार

जागरण विदिशा

जिले में विकास के तमाम दावे किए जाते रहे हैं। बीते वर्षों में कई पुलों पुलियाओं का निर्माण हुआ। कई शासकीय भवन निर्मित हुए, कई चिकित्सा भवन बने, लेकिन कहते भारत गांव में बसता है, लेकिन त्रि-स्तरीय पंचायती राज के बाद भी कई गांव में सुविधाओं की कमी मानवता को तार-तार कर जाती है। यह जिला पंचायत का निकम्मापन ही कहें कि आज भी कई गांव में व्यवस्थित श्मशान घाट नहीं बन पाए यहां तक कि इन श्मशान घाट के पहुंच मार्ग तक दुरुस्त नहीं है। गुरुवार को जिले में दिनभर हुई बारिश के दौरान जिला पंचायत की अनदेखी की एक ऐसी ही मानवता को झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई तो वहीं पुलिस ने एक स्थान पर तत्परता से कार्य कर शाबादी पाई है।

मालूम हो कि बारिश पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों व श्मशान घाट के कार्यों को प्राथमिकता में लिया जाना चाहिए था, लेकिन जिला पंचायत, जनपद पंचायत, पंचायत स्तर पर इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया और अब बारिश में हालत यह कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में किसी का निधन होने पर अंतिम यात्रा के दौरान लोगों को एक-एक फीट कीचड़ से होकर श्मशान घाट तक पहुंचना मुश्किल भरा हो रहा है। कीचड़ के बीच लोग स्वयं को फिसलने से बचाएं या अर्थी को संभाले चुनौतीपूर्ण रहा और यह स्थितियां न केवल जिला पंचायत, जनपद पंचायत व पंचायत के प्रतिनिधियों की अनदेखी को उजागर कर रहा बल्कि अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही व निकम्मेपन का भी उदाहरण बनकर सामने आ रही हैं।

### अंतिम राह भी हो रही बड़ी दुखदायी, पहुंचे श्मशान तो करना पड़ी टीन शेड की जुगाड़





**ग्यारसपुर।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सीहोद के ग्राम सीहोद चक में झकझोर करने वाला मामला सामने आया जहां पर गांव की 70 वर्षीय महिला देवा बाई पति ओमकार सिंह लोधी की मौत हो जाती है और उसके लिए दाह संस्कार करने के लिए परिजन एवं ग्रामीण श्मशान घाट लेकर जाते हैं तो रास्ते में परिजनों रिश्तेदारों एवं गांव वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रास्ते में भारी कीचड़ और पानी से निकलते हुए अर्थी को शमशान घाट लेकर पहुंचते हैं तो वहां पर स्थाई तीन सेट न होने के चलते परिवार जनों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जुगाड़ से दो या तीन टीन की चद्दर लकड़ी पर रखकर भारी बारिश के बीच दाह संस्कार करना पड़ा। ग्रामीण राजा लोधी, शैतान सिंह लोधी, कमलेश लोधी, दौलत सिंह लोधी, प्रेम सिंह विश्वकर्मा, मोहन सिंह लोधी, टीकाराम लोधी, मनोज लोधी, परसोत्तम लोधी ने बताया कि 500 लोगों की बस्ती है और यहां पर स्थानीय ग्राम पंचायत सीहोद के द्वारा अभी तक स्थाई श्मशान घाट पर टीन सेट का निर्माण नहीं कराया। जिसके चलते परेशानी झेलनी पड़ती है, उन्होंने बताया है कि जब भी बारिश में गांव में किसी की मृत्यु हो जाती है तो दाह संस्कार करने में भारी परेशानी होती है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि हमारे गांव में श्मशान घाट एवं टीन सेट का निर्माण कराया जाए।

बन रहा है। इतना ही नहीं श्मशान घाट पर कहीं शेड टूटे हुए हैं तो कहीं शेड ही नहीं है और ऐसे में बरसते पानी में अग्निदाह संस्कार करना मुश्किल में आ

### पानी के बहाव के बीच पुलिस ने गर्भवती महिला को सुरक्षित निकाला, परिजनों ने जताया आभार



विदिशा। गुरुवार सुबह से लगातार हो रही तेज बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। ग्रामीण इलाकों में नदी-नाले उफान पर हैं तो वहीं शहर की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। इस विकट परिस्थिति में ग्यारसपुर थाना पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने बहादुरी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक गर्भवती महिला की जान बचाई। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र की मनोरा पुलिया तेज बारिश के चलते पूरी तरह उफान पर थी और प्रशासन ने उस पर आवागमन बंद कर दिया था। इसी दौरान मोहम्मदगढ़ गांव की एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। वह किसी तरह परिजनों के साथ मानोरा पुलिया तक पहुंची, लेकिन तेज बहाव के बीच-बीच रास्ते में ही फंस गई। जानकारी मिलते ही ग्यारसपुर पुलिस और होमगार्ड जवान मौके पर पहुंचे। बिना समय गंवाए रस्सियों और सुरक्षा उपकरणों की मदद से जवानों ने महिला और उसके परिजनों को पानी के तेज बहाव के बीच सुरक्षित बाहर निकाला। टीम ने बेहद सतर्कता से एक-एक कदम बढ़ाते हुए महिला को पुलिया पार कराई। महिला की हालत को देखते हुए तुरंत एम्बुलेंस बुलाई गई और उसे अस्पताल पहुंचाया गया। महिला के परिजनों और आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस और होमगार्ड जवानों की इस साहसिक कार्रवाई की प्रशंसा की। उनका कहना था कि अगर थोड़ी भी देरी होती, तो हालात बेहद गंभीर हो सकते थे। विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिलेवासियों से अपील की है कि बारिश में उफनती नदियों और पुल-पुलियों को पार करने की कोशिश न करें। प्रशासन द्वारा लोगों से सावधानी बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया गया है।

## चरणतीर्थ घाट पर डूबा युवक, चल रहा रेस्क्यू

**जागरण विदिशा।** बेतवा नदी के चरणतीर्थ घाट पर बुधवार शाम को एक युवक नदी में डूब गया। वो एक युवती के साथ घाट पर आया था। जानकारी के अनुसार जतरापुरा निवासी 22 साल का राहुल नदी में हाथ धोने गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वो नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना के समय मौजूद युवती ने पुलिस को सूचना दी। सूचना देने के बाद युवती भी मौके से लापता हो गई। प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के अनुसार बुधवार शाम को सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रात 9 बजे तक चले ऑपरेशन में अंधेरे और तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे से फिर से तलाश शुरू की गई। होमगार्ड के 8 जवान बेतवा नदी के बहाव क्षेत्र में लगातार खोजबीन कर रहे हैं।

## जिला कांग्रेस कमेटी कल करेगी धरना प्रदर्शन

**विदिशा।** मध्य प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था बिजली विभाग द्वारा अघोषित बिजली कटौती जबरन स्मार्ट मीटर लगाना बढ़ती हुई महंगाई, खराब सड़क और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार हो रहे हैं जनता परेशान हो रही है इन सब जनहित के मुद्दे को लेकर कल 26 जुलाई शनिवार को दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय धरना दिया जाएगा। इसके बाद दोपहर 3 बजे जिला समन्वय समिति की बैठक होगी। समन्वय समिति की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, लोक सभा प्रत्याशी, विधानसभा प्रत्याशी, जिला कांग्रेस के प्रभारी, सह प्रभारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष जन जाती विभाग कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया भारतीय जनता पार्टी की सरकार की नाकामी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं स्थानीय मुद्दे खराब सड़क गंदगी, अघोषित बिजली कटौती, किसानों की मूल समस्या आदि शामिल है।

## खरीफाटक अंडरब्रिज: नाले के बाद अब फिर नई समस्या, उभर आया बड़ा गड्ढा



जागरण विदिशा

खरीफाटक रेलवे अंडर ब्रिज से आवागमन इस बारिश में आफत बना हुआ है। पूर्व में कई दिनों तक यहां अंडरब्रिज में प्रवेश से पूर्व नाला निर्माण कार्य ने आवागमन रोके रखा तो वहीं नव निर्मित नाला क्षतिग्रस्त होने के बाद दूसरी बार इस नाले का कार्य हुआ और इस कार्य के कारण अंडरब्रिज के एक कोने की तरफ से कुछ स्थान शेष था जहां से दोपहिया वाहन आना-जाना कर रहे थे, लेकिन गुरुवार की शाम इस कोने में भी एक गड्ढा उभर आया है।

मिली जानकारी के अनुसार यह गड्ढा ऊपर की तरफ करीब 1 फीट चौड़ाई लिए हुए है तो वहीं इसकी गहराई करीब दो फीट तक दिखाई दे रही है। क्षेत्र के रहवासियों के मुताबिक यहां जमीन धसक रही है और इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया तो हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

### गड्ढे के पास से गुजरी है मोटी पाइप लाइन

रहवासियों के मुताबिक जिस स्थान पर यह गड्ढा हुआ है वहां से नपा की मोटी पाइप लाइन निकली हुई है। किसी वाहन के निकलने के दौरान यह गड्ढा न केवल बड़ा रूप ले लेगा बल्कि यहां से निकली पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने का भी डर बना हुआ है। नगरपालिका को इस ओर शीघ्रता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

## नशे से दूरी है जरूरी: नशा परिवारों को तोड़ता और सामाजिक प्रतिष्ठा को नष्ट करता है

जागरण विदिशा



एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान अंतर्गत गुरूवार को थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एसएटीआई कॉलेज सत्यार्थी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस आयोजित कार्यक्रम में एएसपी प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह तथा सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक विमलेश राय द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को प्रभावित करता है। बल्कि परिवारों को तोड़ता और सामाजिक प्रतिष्ठा को नष्ट करता है। कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।

यह आयोजन समाज में नशे के विरुद्ध एक सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## 456 घरों का किया सर्वे, 16 घरों में मिला डेंगू का लार्वा

**जागरण विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नर्सिंग कालेज की छात्राएं, उषा कार्यकर्ता के दल के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू जागरूकता के साथ सघन लार्वा सर्वे, आईईसी गतिविधि, डेंगू तथा फॉगिंग दल के द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया है। मलेरिया टीम के द्वारा 456 घरों के 3558 कंटेनर का सघन लार्वा सर्वे किया गयाए जिसमें 16 घरों में लार्वा पाया गया जिसे कीटनाशक दवा के द्वारा नष्ट कराया गया।

जनसमुदाय से अपील की गई है की वह अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टंकिया, टायर, गमले, पशु एवं पक्षियों को रखने वाले पानी के बर्तन टंकियों एवं सकोरों को प्रति सप्ताह जांच लें की कहीं एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहे व खाली कर सफाई कर दें। पानी के बढ़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करें, पूरे शरीर ढंकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों एवं गर्भवती माताओं को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जावे, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करें। शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करे।

## सीएम राइज स्कूल पहुंच मार्ग की व्यवस्था हो दुरस्त

### कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं के कार्यों का किया निरीक्षण, आईटीआई और छात्रावास भी पहुंचे

जागरण विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज क्षेत्र में भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों तथा क्रियान्वित शासकीय कार्यों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सर्वप्रथम उन्होंने सिरोंज के आईटीआई शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने आईटीआई के साथ-साथ पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया है। आईटीआई और पॉलिटेक्निक में छात्र संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण छात्रों का किस तरह आईटीआई और पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए रुझान बढ़े इसके लिए विशेष कार्य करने होंगे। उन्होंने कस्तूरबा बालिका छात्रावास की बालिकाओं के लिए बारिश से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की ओर पहल करने के निर्देश दिए है।

इसके साथ ही उन्होंने संस्कृत पाठशाला भवन के लिए किये जा रहे कार्यों और मॉडल स्कूल में लाइब्रेरी और कंप्यूटर की सुविधा छात्रों को मुहैया हो इसके लिए विशेष कार्य करने के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने सिरोंज के सीएम राइज स्कूल के पहुंच मार्ग में आ रही दिक्कतों को दृष्टिगत रखते हुए छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने की विशेष व्यवस्थाएं बनाने के लिए स्थानीय एसडीएम को निर्देशित किया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज के पामाखेड़ी में संचालित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर चिकित्सकों की उपस्थिति तथा मरीजों को प्रदाय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और निरीक्षण टीप पंजी पर मतांकन अंकित किया है। सिरोंज में भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम बाबूलखेडी में आंगनबाड़ी केंद्र और शासकीय प्राथमिक शाला में पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया इसके अलावा बाबूलखेडी में बनाए गए अमृत सरोवर तालाब में जल भराव की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया।

### कई जगह लगा गंदगी का अंबार, बदबू से लोग हो रहे परेशान, मच्छरों का भी बढ़ रहा प्रकोप

## सड़कों की बदहाली: नगर परिषद की अनदेखी से नागरिक परेशान

जागरण कुरवाई



एक ओर जहां पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता का ढोल पीटा जा रहा है। कुरवाई शहर में नगर परिषद की लापरवाही के कारण स्वच्छता और सड़कों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। शहर की सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर और टूटी-फूटी सड़कों ने न केवल नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है बल्कि स्वच्छ भारत के दावों की पोल भी खोल दी है।

कुरवाई के विभिन्न मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर कूड़े का उठान कई दिनों तक नहीं होने से गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सड़कों के किनारे कचरे का अंबार और दुर्गंध लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। स्थानीय निवासी हामिद खान ने बताया कई बार नगर परिषद से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। कूड़े के ढेर से उठने वाली बदबू से बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं।

नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे जलभराव की समस्या और गंभीर हो गई है। बारिश के मौसम में टूटी सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासी हेमंत राय ने कहा सड़कों पर गड्ढे और कीचड़ के कारण बाइक सवार अक्सर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। नगर परिषद इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही।

### स्वच्छता के दावे खोखले मच्छरों का प्रकोप

नगर परिषद द्वारा सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित सफाई न होने के कारण शहर में गंदगी का आलम है। कूड़े के ढेरों से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। निवासी अमित जैन ने बताया सालों से मच्छररोधी दवा का छिड़काव नहीं हुआ है, जिससे मच्छर बढ़ रहे हैं बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। टूटी सड़कें बनीं मुसीबत शहर की सड़कों की हालत जर्जर है। कई जगहों पर सीसी सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। सड़कों पर गड्ढे इतने गहरे हैं कि बारिश में पानी भरने से वे दिखाई नहीं देते। लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नगर परिषद के पास बजट की कमी का हवाला देकर सड़कों की मरम्मत और नालियों की सफाई को टाला जा रहा है, जिससे नागरिकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

प्रशासन की अनदेखी स्थानीय लोग नगर परिषद से नियमित सफाई, कूड़ा उठान और सड़कों की मरम्मत की मांग कर रहे हैं। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### इनका कहना है

नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा बजट की कमी का हवाला देकर समस्याओं का समाधान करने में देरी बताते है। हालांकि उन्होंने जल्द ही सड़कों की मरम्मत और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। लेकिन यह आश्वासन सिर्फ कागजी हैं और धरातल पर कोई बदलाव नहीं दिखता।

**सायमा काशिफ अन्नू**
**पार्षद वार्ड 6**


